# संभागीय आयुक्त ने तालेड़ा में सीएचसी एवं स्कूल का निरीक्षण किया

- स्कूल की पोषाहार पंजिका में अपूर्ण प्रविष्टियां मिली
- स्थानीय अधिकारियों को दिए कार्यालयों के निरीक्षण के निर्देश

**कोटा,** (निसं)। संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को बूंदी जिले के तालेड़ा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान पर्ची वितरण केन्द्र पर अव्यवस्था देखकर प्रभारी को एक और पर्ची वितरण केन्द्र स्थापित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केन्द्र पर अद्यतन कोई ड्यूटी चार्ट नहीं था अतः पारदर्शिता व जन सुविधा के दृष्टिगत प्रभारी को ड्यूटी चार्ट प्रतिदिन अपडेट करने के निर्देश दिये गये।

संभागीय आयुक्त ने दवा वितरण केन्द्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने होम्योपैथिक चिकित्सक की पंजिका की भी जांच की और उसमें सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की पुताई व साफ-सफाई के निर्देश दिये। साथ ही, तहसीलदार, तालेड़ा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण करने एवं जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिऐं। संभागीय आयुक्त ने तालेड़ा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तालेड़ा, महात्मा गांधी (अंग्रेजी) माध्यमिक विद्यालय तालेड़ा एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तालेड़ा में शाला दर्पण पोर्टल तथा उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया। उन्होंने पंजिका को हमेशा अपडेट रखने तथा शाला दर्पण पर प्रातः 10.15 बजे तक शिक्षकों की उपस्थिति की सूचना नियमित रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों की अधिक अनुपस्थिति के कारणों की जांच करने के लिए प्रधानाचार्य को निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थिति पंजिका से यू डाईस/शाला दर्पण पोर्टल सप्ताह में एक बार निरीक्षण कर मिलान करने के निर्देश प्रधानाचार्य को दिऐं। अग्रवाल ने उपस्थित बीएलओ से एसआईआर कार्य के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने एईआरओ, बीएलओ सुपरवाईजर एवं बीएलओ को अनुपस्थित, शिफ्टेड एवं शादीशुदा महिलाओं की अनुपस्थिति के सम्बन्ध में फर्द मौका बनाकर सत्यापित करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने महात्मा गांधी (अंग्रेजी) माध्यमिक विद्यालय तालेड़ा के निरीक्षण के दौरान पोषाहार पंजिका में प्रविष्टियां अपूर्ण मिलने पर उन्होंने इन्हें प्रतिदिन संधारित करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त द्वारा मिड-डे-मील वितरण एवं कक्षा 1 से 8 तक विद्यार्थियों के नामांकन के बारे में पूछने पर प्रधानाचार्य/प्रभारी मिड-डे-मील स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाए जिसे गम्भीरता से लेते हुए संयुक्त निदेशक, शिक्षा विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिऐं। तालेड़ा के आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान भी संभागीय आयुक्त को पोषाहार विवरण पंजिका में प्रविष्टियां अपूर्ण मिली, जिसे पूर्ण करने के निर्देश दिए गऐं। संभागीय आयुक्त ने स्थानीय अधिकारियों को समय-समय पर राजकीय कार्यालयों, चिकित्सालयों का निरीक्षण करने एवं व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तालेडा तहसीलदार श्री बनवारी लाल शर्मा उपस्थित थे।

# एलन स्टूडेंट्स ने सिटी पार्क का भ्रमण किया

- करीब 3 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स ने सिटी पार्क का आनंद लिया
- स्टूडेंट्स ने इन यादगार पलों को अपने मोबाईल कैमरों में कैद किया

**कोटा,** (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से स्टूडेंट्स के सर्वांगीण विकास और सकारात्मकता के लिए लगातार प्रयास किए जाते हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत जिला प्रशासन के सहयोग से स्टूडेंट्स को स्थानीय पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी करवाया जाता है। इसी क्रम में इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन व एडवांस्ड की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स को सिटी पार्क का भ्रमण करवाया गया। देशभर से कोटा आकर अपने कॅरियर की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स को सिटी पार्क में घूमकर बहुत अच्छा लगा। करीब 3 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स ने सिटी पार्क का आनंद लिया। इस दौरान मेंटोर और फेकल्टीज भी उनके साथ रहे। इस भ्रमण के दौरान स्टूडेंट्स ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ पार्क में समय बिताया। हरी-भरी प्रकृति, फव्वारों और खुले वातावरण में छात्रों ने जमकर मस्ती की। दोस्तों के साथ टहलते हुए, खेलते-कूदते और पार्क की अलग-अलग जगहों पर घूमते हुए उन्होंने ढेर सारी यादें बनाई।

स्टूडेंट्स ने इन यादगार पलों को अपने मोबाईल कैमरों में कैद किया और सेल्फियां एवं ग्रुप फोटो खिंचवाए। इस दौरान उनके साथ मौजूद फैकल्टी मेंबर्स ने भी छात्रों का उत्साह बढ़ाया और उनके साथ तस्वीरें ली। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए न सिर्फ मनोरंजन का अवसर साबित हुआ, बल्कि इससे उन्होनें तरोताजा व उर्जावान भी महसूस किया।

# अति, कलेक्टर ने रामगंजमण्डी पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर कोटा वीरेन्द्र सिंह यादव द्वारा 4 दिसम्बर गुरुवार को रामगंजमंडी पालिका कार्यालय में निरीक्षण किया गया। जिसके दौरान समस्त शाखाओं की पत्रावलियों की जॉच कर प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली गई। जिसमें कोई प्रकरण लम्बित ना रहे साथ ही सभी पत्रावलियों व दस्तावेज व्यवस्थित तरिके से संधारित किए जाने और सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही पालिका क्षेत्र में सफाई निरीक्षण किया।

इस दौरान बाजारों में दोपहर व शाम को कचरा संग्रहण वाहन चलाये जाने के निर्देश दिये गये एवं कॉलोनियों में पार्क व कॉलोनियों में पौधारोपण एवं नगरपालिका द्वारा विकसित की गई कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं को दिये जाने हेतु भी निर्देशित किया।

अधिशाषी अधिकारी तरूण लहरी को निर्देश दिये गये कि शहरी क्षेत्र में मृत मतदाताओं के संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधित कार्यवाही त्वरित गति से की जावें। निरिक्षण के दौरान अधिशाषी अधिकारी तरूण कुमार लहरी एवं समस्त कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कोटा से निकली टीम ने बोलिया में लिया नेत्रदान

**कोटा,** (निसं)। पूरे प्रदेश में शाइन इंडिया फाउंडेशन, कोटा की एक अकेली ऐसी संस्था है, जो नेत्रदान के लिए संपर्क करने पर, किसी भी तरह की विपरीत परिस्थितियों में, अधिक दूरी होने पर या प्रतिकूल मौसम होने पर भी, नेत्रदान का कार्य करने के लिए 24 घंटे तैयार रहती है। बुधवार देर रात 11.00 बजे संस्था के ज्योति मित्र कमलेश दलाल ने सूचना दी की, कोटा से 150 किलोमीटर पड़ौसी राज्य मध्यप्रदेश की सीमा पर लगे, मंदसौर जिले के बोलिया गांव में मोहनलाल चौधरी का आकस्मिक निधन हुआ है, और उनके भतीजे मनोज कुमार की प्रेरणा पर बेटे राकेश जैन ने अपने पिता दिवंगत मोहनलाल चौधरी (अनाज व्यापारी) के नेत्रदान करवाने का अनुग्रह किया हैं। सूचना मिलने पर डॉ.कुलवंत गौड़ ने तुरंत, कोटा से निकलने के लिए, कई सारे ड्राईवर को संपर्क किया, परंतु कोई देर रात 150 किलोमीटर दूर जाने के लिए तैयार नहीं हुआ, अंत में एक ड्राईवर ने जाने के लिये सहमति दी, जबकि उसके पिताजी का हार्ट का ऑपरेशन कोटा के निजी अस्पताल में चल रहा था। ड्राईवर को लेकर डॉ.गौड़, 12.00 कोटा से रवाना हुए और 2.30 बजे, बोलिया निवासी स्वर्गीय मोहनलाल के निवास पर पहुंचे, और उनके नेत्रदान की प्रक्रिया को संपन्न किया। बोलिया ग्राम का यह पहला नेत्रदान था।

# ग्राम विकास अधिकारियों ने प्रदर्शन किया

- सरकार ग्राम विकास अधिकारियों की समस्या का करें समाधान
- मांगें नहीं मानी तो 10 दिसम्बर से होगा कार्य बहिष्कार

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की ओर से एक दिवसीय धरना जिला परिषद कार्यालय कोटा में दिया और अपनी मांगों को लेकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिलापरिषद को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष अक्षय शर्मा ने कहा कि ग्राम विकास अधिकारियों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है, जिससे वह परेशान हो चुके हैं और बेहद अधिक तनाव में आ गए हैं। सरकार को शीघ्र ही इनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिऐं। इस धरने को राजस्थान सरपंच के मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान ने भी संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम विकास अधिकारी और सरपंच एक गाड़ी के दो पहिए हैं और इसमें से अगर एक पहिया भी डैमेज होता है तो गाड़ी आगे नहीं बढ़ सकती इसलिऐं हमारी समस्याएं हैं उसके निदान के लिए हमें जो संघर्ष करना है वह मिलकर करना पड़ेगा इसके लिए सरपंच संघ हमेशा तैयार है। ग्राम विकास अधिकारी ग्रामीण विकास की रीढ़ की हड्डी है जो जमीनी स्तर पर विभागीय निर्देशों/ योजनाओं की कियान्विति करता है, अपने विभाग के कार्यों के साथ-साथ समय-समय पर अन्य विभाग के कार्यों को भी संपादित करता है, इसके उपरान्त भी ग्राम विकास अधिकारियों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। अखिल राजस्थान संयुक्त कर्मचारी महासंघ कोटा के जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह गांधी ने कहा कि कई ग्राम विकास अधिकारी अपना मानसिक संतुलन खोते जा रहे है एवं कार्य क्षमता प्रभावित हो रही है। ब्लॉक, जिला स्तर पर अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद भी कोई भी सकारात्मक परिणाम के अभाव में विवश होकर आंदोलनात्मक कदम उठाना पड़ रहा है। समस्याओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर समाधान किया जाना चाहिए अन्यथा 10 दिसम्बर 2025 से ग्राम पंचायतों में अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

# यात्री का कीमती बैग सुरक्षित लौटाया

**कोटा,** (निसं)। कोटा मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा यात्री सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एक और सराहनीय कार्य किया गया। ट्रेन संख्या 12955 में यात्रा कर रहे रतलाम से रामगंजमंडी आने वाले यात्रियों का बैग गलती से सीट पर छूट गया था। स्टेशन पर उतरने के बाद जब यात्रियों को बैग के छूटने का पता चला, तो उन्होंने तुरंत रेल मदद पर गुहार लगाई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि वाणिज्य विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई की। गाड़ी में कार्यरत चल टिकट निरीक्षक कुंजी लाल मीणा को कमर्शियल कंट्रोल कक्ष से सूचना प्राप्त होते ही उन्होंने बिना समय गंवाए स्लीपर कोच की सीट संख्या 65 पर जाकर बैग को सुरक्षित बरामद किया। कोटा स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के कांस्टेबल समय सिंह मीणा को कोच में बुलाया गया। उनकी उपस्थिति में बैग की विधिवत जाँच की गई। इस प्रक्रिया में उप मुख्य टिकट निरीक्षक शिवानी शर्मा तथा उप स्टेशन अधीक्षक (वाणिज्य) विकास गुप्ता भी मौजूद रहे। जाँच के दौरान बैग में एक लेडीज़ बैग, 10940 नकद, ड्राई फ्रूट, लेडीज़ उपयोगी सामान, दो पानी की बोतलें तथा आधार कार्ड पाया गया।

## सार-समाचार

### विद्युत आपूर्ति 3 घण्टे बंद रहेगी

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र के 132केवी जीएसएस मायला पर प्रसारण निगम द्वारा पावर ट्रांसफार्मर में ऑयल फिलिंग एवं आवश्यक रखरखाव कार्य किया जायेगा। प्राची श्रृंगी कनिष्ठ अभियंता कुदायला जयपुर डिस्कॉम रामगंजमंडी ने बताया कि मायला पावरहाउस से निकलने वाली 33केवी लाइन अमरपुरा एवम कुदायला की विद्युत आपूर्ति दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी। ऐसे में अमरपुरा एवं कुदायला पावर हाउस से जुड़े समस्त फीडर की विद्युत आपूर्ति दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी।

### जिला स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। जिलास्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन दादा नारायण दास मानी सेवा संस्थान द्वारा आयोजित किया गया। अध्यक्ष किशोर मदनानी में बताया महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में लीग मैच एवं क्वार्टर फाईनल मैच उम्मेद सिंह स्टेडियम नयापुरा में खेले गऐं। सचिव प्रकाश वीर नाथानी ने बताया फाईनल मैं मैचों में महिला वर्ग में गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज ने जेडीबी गर्ल्स कॉलेज को 22-18 से एवं पुरुष वर्ग में गवर्नमेंट साइंस कॉलेज ने गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज को 24-20 से हराया। जिला बॉल बैडमिंटन संघ अध्यक्ष डॉ.अरुण शर्मा, सचिव फिरोज खान, अशोक शर्मा, एडवोकेट हिमांशु सिंह ने खिलाड़ियों का खेल के दौरान उत्साहवर्धन किया। खेल संघ के पदाधिकारी ने अलग-अलग टीमों से परिचय प्राप्त कर खेल में पूरे उत्साह और जोश के साथ खेलने के लिए उत्साहित किया।

### मरीजों को कंबल बांटे

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से किए जा रहे सेवा कार्यों की कड़ी में एमबीएस अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में 30 कंबल वितरण किए गए। प्रतीक्षा चैरिटेबल फाउंडेशन कोटा की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया। फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रतीक्षा पारीक ने बताया कि इस पावन सेवा कार्य में शामिल होना सौभाग्य की बात है। जरूरतमंदों की सहायता कर मन को अपार शांति और संतोष प्राप्त होता है। इस अवसर पर मरीजों के स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की गई। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और जहां भी आवश्यकता होगी वहां सेवा कार्य किए जाएंगे।

### पीपल्दा कलां में कलेक्टर की रात्रि चौपाल आज

**कोटा,** (निसं)। जिला कलक्टर पीयूष समारिया पंचायत समिति इटावा की ग्राम पंचायत पीपल्दा कलां में 5 दिसम्बर को रात्रि चौपाल में आमजन की समस्याएं सुनेंगे। जिला कलक्टर सांगोद की ग्राम पंचायत कमोलर में 12 दिसम्बर को, सुल्तानपुर की ग्राम पंचायत बड़ौद में 19 दिसम्बर को एवं लाडपुरा की ग्राम पंचायत मांदलिया में 26 दिसम्बर को रात्रि चौपाल एवं जनसनुवाई करेंगे।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा 11 दिसम्बर को

**कोटा,** (निसं)। कानिस्टेबल भर्ती वर्ष, 2025 के अन्तर्गत द्वित्तीय बटालियन आरएसी, कोटा की लिखित परीक्षा में सफल एवं कानिस्टेबल (बैण्ड) पद के अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं शारीरिक मापतौल महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में 11 दिसम्बर को प्रातः 5 बजे से आयोजित की जाएगी।

### रक्तदान शिविर एवं भंडारे का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा चौक पुरोहित नगर पूनम कॉलोनी कोटा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

